कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के द्वारा नवंबर २०२१ माह में किये गए महत्वपूर्ण / उल्लेखनीय कार्य

I. प्रशासनिक अधिकरण

केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण की 19वीं पीठ का उद्‌घाटन दिनांक 23.11.2021 को श्रीनगर में माननीय राज्य मंत्री (कार्मिक) द्वारा किया गया। इस समारोह में अन्य लोगों के साथ जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और अध्यक्ष (सीएटी) ने भाग लिया।

II. प्रशिक्षण

(i) क्षमता विकास आयोग:

क. क्षेत्रीय सम्मेलन में सीबीसी की भागीदारी

श्री आदिल जैनुलभाई, अध्यक्ष एवं श्री प्रवीण परदेशी और आर बालसुब्रमण्यम, सदस्य, क्षमता विकास आयोग ने दिनांक 11 नवंबर, 2021 को लखनऊ में डीएआरपीजी द्वारा आयोजित 'लोक प्रशासन के राज्य संस्थान को सुदृढ़ बनाना' विषय पर क्षेत्रीय सम्मेलन में शामिल हुए और निम्नलिखित सत्रों की अध्यक्षता की:

क. जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए भविष्य के सार्वजनिक समाधानों को बदलना

ख. संकाय क्षमता विकास

ग. मिशन कर्मयोगी और प्रशिक्षण का भविष्य का विजन

ख. नागरिक अनुकूल पुलिस बल विकसित करने के लिए कार्यशाला

केंद्र शासित प्रदेशों के नागरिक अनुकूल पुलिस बलों को विकसित करने के लिए एक कार्यशाला का दिनांक 19.11.2021 को सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी (एसवीपीएनपीए), हैदराबाद में आयोजन किया गया। यह निर्णय लिया गया कि सकारात्मक पुलिस-नागरिक संपर्क सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षकों, पुलिस उप निरीक्षक (पीएसआई), सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) और हेड कांस्टेबलों के रैंकों के लगभग 10,000 पुलिस कर्मियों को ग्राहक उन्मुखीकरण, समस्या समाधान इत्यादि में प्रशिक्षित किया जाएगा।

ग. सिविल सेवा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट (एएचसीएसआर) के लिए गोलमेज सम्मेलन

सिविल सेवा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट को तैयार करने के लिए अभ्यास के रूप में, सीबीसी द्वारा दिनांक 22 नवंबर, 2021 को सिविल सेवा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट (एएचसीएसआर) के पहले अध्याय पर फीडबैक प्राप्त करने के लिए एक गोलमेज सम्मेलन आयोजित किया गया था, जिसमें सरकार के विभिन्न स्तरों पर एक लाभप्रद सिविल सेवा का गठन करने के लिए आवश्यक बातों पर सीबीसी के वर्तमान दृष्टिकोण को शामिल किया गया।

(ii) दिनांक 24.11.2021 के का.ज्ञा. सं. टी-16017/39/2021-आईगॉट के तहत, मिशन कर्मयोगी स्कीम के अंतर्गत जीआईएस पाठ्यक्रम/मॉड्यूल के संबंध में विचार करने के लिए एक कार्यकारी समूह का गठन किया गया है। ।

III. चयन और नियुक्तियां

(i) पीईएसबी, डीओपीटी ने निदेशक के 10 (दस) पदों और सीएमडी के 01 (एक) पद के लिए विज्ञापन जारी किए। सीपीएसई के निदेशकों के लिए 08 (आठ) चयन बैठकों का आयोजन किया गया था।

(ii) कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने निम्नलिखित परीक्षाओं का परिणाम घोषित कर दिया है:

क) दिनांक 23.11.2021 को कनिष्ठ अभियंता (सिविल, यांत्रिकी, विद्‌युत और मात्रा सर्वेक्षण और अनुबंध) परीक्षा, 2019 का प्रश्नपत्र-II.

ख) दिनांक 26.11.2021 को संयुक्त स्नातक स्तर परीक्षा, 2020 का टियर-I.

IV. स्थापना मुद्दे

(i) दिनांक 08.11.2021 के का.ज्ञा. सं. 43020/14/2021-स्था.ए-III के तहत, सीसीएस (सीसीए) नियमावली, 1965 के अंतर्गत विभागीय कार्यवाही की प्रक्रिया के सरलीकरण के लिए दिशा-निर्देश जारी किए थे।

(ii) बढ़ते प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए कार्यालयों में उपस्थित होने के दौरान दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में स्थित केंद्र सरकार के कार्यालयों में तैनात केंद्र सरकार के कर्मचारियों द्वारा सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने और वाहनों को साझा/पूल करने के संबंध में एक एडवाइजरी दिनांक 16.11.2021 के का.ज्ञा. सं. 11013/9/2014-स्था.ए-III के तहत जारी की गई थी।

(iii) दिनांक 23.11.2021 के का.ज्ञा. सं. 31011/1/2020-स्था.ए-IV के तहत कोविड-19 महामारी के कारण एलटीसी के प्रयोजन के लिए बुक किए गए हवाई/ट्रेन टिकटों के रद्दीकरण/पुनर्निर्धारण प्रभारों की प्रतिपूर्ति के संबंध में निर्देश और एलटीसी अग्रिम के पुन:भुगतान से संबंधित निर्देश जारी किए गए थे।

(iv) दिनांक 24.11.2021 की अधिसूचना सं. 39018/03/2021-स्था.(ख) के तहत जून, 2021 के भर्ती परिपत्र के प्रति दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन, केंद्रीय जांच ब्यूरो में प्रतिनियुक्ति द्वारा (अल्पकालिक संविदा सहित) पुलिस के डिप्टी सुपरिटंडेंट के दस पदों को भरने हेतु एक भर्ती चक्र को पूरा करने के संबंध में संघ लोक सेवा आयोग (परामर्श से छूट) नियमावली, 1958 में सुधार अधिसूचित किया गया था।

(v) दिनांक 24.11.2021 की अधिसूचना सं. 44011/10(एस)/2018-स्था.(ख-II) के तहत दिनांक 18.11.2021 के अपराह्न से श्री एम. के. गुप्ता द्वारा, सदस्य, पीईएसबी के पद से कार्यभार त्याग करने के संबंध में एक अधिसूचना जारी की गई थी।

V. सतर्कता मंजूरी

विभिन्न उद्देश्यों के लिए 25 आईएएस अधिकारियों के लिए सतर्कता मंजूरी जारी की गई थी।

VI. कल्याण और खेल

आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर दिनांक 29.11.2021 से 10.12.221 तक कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने - "संचय" अभियान आरंभ किया है। इस अभियान के अंतर्गत सरकारी कर्मचारियों से सुविधाहीन लोगों को वितरण के लिए कपड़े दान करने का अनुरोध किया गया।

<u>नवंबर, 2021 में निम्नलिखित अंतर मंत्रालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।</u>

क) अंतर मंत्रालय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 26 नवंबर, 2021 से 14 दिसंबर, 2021 तक विनय मार्ग स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया जा रहा है और इस आयोजन में कुल 44 टीमें और 800 से अधिक व्यक्ति भाग ले रहे हैं।

ख) विनय मार्ग स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 20 से 29 नवंबर, 2021 तक अंतर मंत्रालय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और इसमें 18 टीमों ने भाग किया।

ग) अंतर मंत्रालय लॉन टेनिस टूर्नामेंट 15 अक्टूबर से 01 नवंबर 2021 तक ब्रासी एवेन्यू टेनिस सेंटर में आयोजित किया गया था और इसमें 06 टीमों ने भाग लिया था।

घ) विनय मार्ग स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 15 नवंबर से 03 दिसंबर, 2021 तक अंतर मंत्रालय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और इसमें 2 महिला हॉकी टीमों (पहली बार) सहित कुल 12 टीमों ने भाग लिया।

ङ.) 29 नवंबर से 10 दिसंबर 2021 तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में अंतर मंत्रालय टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है और इसमें कुल 12 टीम भाग ले रही हैं।

च) विनय मार्ग स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 30 नवंबर से 01 दिसंबर 2021 तक अंतर मंत्रालय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था और इस आयोजन में कुल 4 महिला टीमों और 9 पुरुष टीमों ने भाग लिया था।

VII. केंद्रीय सेवाओं के मुद्दे

क. संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा-2013, 2014 एवं 2015 के माध्यम से भर्ती हुए सहायक अनुभाग अधिकारियों की परस्पर वरिष्ठता सूची का प्रारूप जारी कर दिया गया है।

ख. संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा भर्ती वर्ष-2012 के माध्यम से भर्ती किए गए सहायक अनुभाग अधिकारियों की अंतिम सामान्य वरिष्ठता सूची जारी कर दी गई है।